शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल




@ PG 2

सोमवार 6 अप्रैल 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in • वर्ष : 10 • अंक : 335 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

## न्यूज ब्रीफ

### आंध्र प्रदेश में सरकारी बस में आग, सभी 18 यात्री सुरक्षित

**कडपा।** आंध्र प्रदेश के कडपा जिले में रविवार को बस में आग लग गई। अंदर मौजूद सभी 18 यात्री सुरक्षित हैं। बस में लगी तारों में हुए शॉर्ट-सर्किट की वजह से बस में आग लगी। बस कडपा से वेम्पल्ली जा रही थी। आग की जानकारी मिलने के बाद फायर विभाग के लोग मौके पर पहुंचे गए। लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी।

### रिहाई के बाद सोनम वांगचुक पहली बाद लद्दाख पहुंचे

**नईदिल्ली।** सोनम वांगचुक ने रविवार को कारगिल में कहा कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकार मिलने चाहिए। वो अपनी रिहाई के बाद पहली बार कारगिल पहुंचे। 14 मार्च को उन्हें जोधपुर जेल से रिहा किया गया था, जहां वे लगभग 6 महीने बंद थे। वांगचुक ने लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि सभी को मिलकर काम करना चाहिए और आपसी मतभेद छोड़कर एक बेहतर भविष्य के लिए साथ आना चाहिए।

### जम्मू कश्मीर के सांबा में सेना का सर्च ऑपरेशन जारी

**सांबा।** जम्मू-कश्मीर के सांबा में रविवार को सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। यह अभियान तीन संदिग्धों रिपोर्ट मिलने के बाद शुरू किया गया है। दारुई इलाके के बेध खड़ के एक निवासी ने बताया कि उसने तीन अज्ञात लोगों को देखा। उनमें से एक के पास एक भारी बैगपैक था और वे अंधेरे की आड़ में एक सूखे नाले के किनारे-किनारे आगे बढ़ रहे थे।

### गुजरात हाईकोर्ट की फैसलों में एआई के इस्तेमाल पर रोक

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर सख्त पॉलिसी लागू करते हुए स्पष्ट किया है कि अब फैसले केवल मानवीय विवेक और तर्क से ही होंगे। कोर्ट ने फैसला लिखने, कानून की व्याख्या, सबूतों के विश्लेषण, सजा-जमानत तय करने और अंतिम आदेश देने में एआई के उपयोग पर पूरी तरह रोक लगा दी है।

**राष्ट्रबाण**

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# पीएम मोदी बोले- सीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका

## ये खास मजहब के लोग, बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि सीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा- 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था। उसके बाद हिंदुओं का नरसंहार किया गया था। टीएमसी उसी की याद दिलाना चाहती है। ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। राज्य में भ्रष्टाचार, घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार ने जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है।

**पीएम मोदी ने कहा- सीएमसी के नेता विकास के पैसों का कमीशन खोजने में लगे है:** सीएमसी के अन्याय की लिस्ट बहुत लंबी है। जब उत्तर कन्या को बनाया गया था, तब कहा गया था कि यह विकास का केंद्र बनेगा। लेकिन सीएमसी सरकर के लोग अभी तक विकास के पैसों का कमीशन खोजने में लगे हैं। बार-बार विकास का वादा दोहराया गया लेकिन आज 14 सालों बाद भी जमीन पर कोई काम नहीं हुआ।

आज कूच बिहार का किसानों के साथ भी अन्याय हो रहा है। हमारे किसान भाई बहन कठोर परिश्रम करते हैं, लेकिन उन्हें इसकी सही कीमत नहीं मिलती। आप आलू का रिकॉर्ड उत्पादन करते हैं। लेकिन, उन्हें औने-पौने दाम पर बेचना पड़ता है। यहां आलू स्टोर की कोई व्यवस्था नहीं। इससे फसल सड़ने लगती है।

### नरेंद्र मोदी की स्पीच की दो बड़ी बातें...



एक ओर सीएमसी के करप्शन का भय है तो दूसरी तरफ विकास को रफ्तार देने वाली भाजपा का भरोसा है। एक और सीएमसी के घुसपैठ कराने का भय है तो दूसरी ओर घुसपैठियों को भगाने वाली भाजपा पर भरोसा है।

तृणमूल कांग्रेस की सरकार में बंगाल की डेमोग्राफी में भयंकर बदलाव आया है। इन घुसपैठियों को सीएमसी का समर्थन है। हमारी सरकार उन्हें चुन-चुनकर बाहर कर रही है।

### राहुल गांधी की असम में रैली, दो बड़ी बातें...

असम के हिमंत भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं, वे सिर्फ नफरत फैलाते हैं। कांग्रेस के सत्ता में आने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हिमंत को माफी मांगने पर भी नहीं बख्शा जाएगा।

वे इस तरह इसलिए बात करते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि कांग्रेस के 'बब्बर शेर' उन्हें जेल में डालने वाले हैं। तब उन्हें असम की जनता और कांग्रेस नेताओं से माफी मांगनी पड़ेगी। कांग्रेस की विचारधारा जुबीन गर्ग जैसी है, जिन्होंने असम के लोगों को एकजुट करने का काम किया।

### पीएम मोदी बोले- ये लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तुष्टिकरण के इस खेल में बंगाल की महान पहचान को बदला जा रहा है। अभी सीएमसी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है, लेकिन उसका नाम उन्होंने बांग्ला भाषा में नहीं रखा, बल्कि उसे इश्तेहार कहा जा रहा है। सोचिए कि कैसे पश्चिम बंगाल की पहचान को बदल रहे हैं। आप जानते हैं कि इश्तेहार का इस्तेमाल बंगाल में किसलिए हुआ था। 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था। उसके बाद हिंदुओं का नरसंहार किया गया था। टीएमसी हमें उसी की याद दिलाना चाहती है। आपको भूलना नहीं है कि यहां निर्मम सरकार में खुलेआम धमकी दी जा रही है। ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे।

### पीएम मोदी ने कहा- बंगाल शक्ति पूजा की धरती है

नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा बंगाल शक्ति पूजा की धरती है। यहां आई सभी बहनों-बेटियो को बंगाल की हर बेटी से कहूंगा बीजेपी आपके सम्मान और आपकी समृद्धि के लिए मैदान में है। बीजेपी आएगी तो महिला सशक्तिकरण का द्वार खोलेगी। इसीलिए बहनों-बेटियों की पहली चॉइस बीजेपी है। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार ने 16-17-18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र रखा है।

### घुसपैठियों को सीधा सीएमसी का समर्थन मिलता

तृणमूल के शासन काल में बंगाल की डेमोक्रेसी में भयंकर बदलाव आया है। इन घुसपैठियों को सीधा सीएमसी का समर्थन मिलता है। इसलिए भारत सरकार घुसपैठियों को पहचान कर उन्हें बाहर निकालने का काम कर रही है। दुनिया के बड़े-बड़े देश अपने देश घुसपैठियों को बाहर निकाल रहे है। लेकिन पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों की बचाने की कोशिश होती है। इसलिए सीएमसी सरकार एसआईआर का विरोध करती है।

# झारखंड समेत 6 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

## अप्रैल के पहले हफ्ते में तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव, इससे राजस्थान-मप्र में ओले गिरेंगे



राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**देश** के उत्तरी इलाकों में अप्रैल के पहले हफ्ते में तापमान 40डिग्री के आसपास रहता है। कई राज्यों में लू चलती है। दक्षिणी और समुद्र किनारे बसे राज्यों में उमस भरा मौसम रहता है। लेकिन इस बार पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। तटीय राज्यों में बारिश, मैदानी इलाकों में ओले गिर रहे हैं। तापमान भी 35 डिग्री से कम या आसपास है।

इसका कारण है लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस)। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मार्च-अप्रैल में अमूमन इतने ज्यादा विक्षोभ नहीं बनते। इनका असर उत्तर भारत में देखने को मिलता है। इस बार इनकी पोजिशन उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में है। इसे अरब सागर के साथ बंगाल की खाड़ी से भरपूर नमी मिली और जमकर आंधी-बारिश हुई।

अकेले मार्च में देश पर 8 पश्चिमी विक्षोभों का असर पड़ा, जबकि सामान्य तौर पर यह संख्या 5 या 6 होती है। 13 मार्च से अब तक 6 पश्चिमी विक्षोभ आ चुके हैं। 6 अप्रैल को एक नया सिस्टम बनेगा। इसका असर आज से शुरू हो गया है। असम, मेघालय, अरुणाचल, केरल और तमिलनाडु में भारी बारिश हो सकती है। झारखंड में ओले-बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

उत्तराखंड के चार जिलों उत्तरकाशी, पौड़ी, बागेश्वर और रुद्रप्रयाग में दोपहर बाद बारिश हो रही है। वहीं रुद्रप्रयाग की केदारघाटी में बारिश हो रही है। इसके अलावा नैनीताल, अल्मोड़ा, चमोली, देहरादून और पिथौरागढ़ में काले घने बादल छाए हैं। 3300 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश के साथ बर्फबारी भी हो सकती है। रविवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, ओडिशा, बंगाल, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में आज बारिश का यलो अलर्ट है।

# राघव चड्ढा बोले- ये तो ट्रेलर, पिक्चर अभी बाकी है

## आप के पूर्व मंत्री का दावा- चड्ढा ने मोदी-बीजेपी की आलोचना वाले पोस्ट डिलीट किए

**मोहाली, एजेंसी।**

**आम** आदमी पार्टी से चल रही तकरार के बीच राघव चड्ढा ने नया पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा है- मेरे उन सहयोगियों के लिए जो मजबूर होकर वीडियो जारी कर रहे हैं और कह रहे हैं कि राघव चड्ढा संसद में पंजाब के मुद्दे उठाने में असफल रहे। उनके लिए एक छोटी झलक। कहानी अभी बाकी है।

चड्ढा ने आगे लिखा- पंजाब मेरे लिए सिर्फ एक विषय नहीं है। यह मेरा घर है, मेरा कर्तव्य है, मेरी मिट्टी है, मेरी आत्मा है। राघव ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें उन्होंने पार्लियामेंट में अपनी स्पीच दिखाई हैं। इनमें चड्ढा को पंजाब के मुद्दे उठाते



सुना जा सकता है।

वहीं, आप नेता सौरभ भारद्वाज ने दावा किया है कि राघव चड्ढा ने पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा की आलोचना वाले अपने सभी पुराने पोस्ट डिलीट कर दिए हैं। सौरभ ने सोशल मीडिया पर लिखा- कुछ लोगों के सुझाव पर मैंने राघव की टाइमलाइन में बीजेपी और मोदी सर्च किया। कोई आलोचनात्मक पोस्ट नहीं मिली। इसका मतलब है कि उन्होंने अपने सभी पुराने आलोचनात्मक पोस्ट हटा दिए हैं। अब केवल 2 पोस्ट हैं जिनमें स्वस्त्रद्व शब्द है और वे भी मोदी की तारीफ करने वाले हैं।

# चुनावी रेवड़ियों से राज्यों का कर्ज बढ़ रहा

## लाड़ली बहना के कारण मप्र का कर्ज रेड लाइन में, महाराष्ट्र में राशन किट योजना बंद

**नई दिल्ली।** चुनाव में फ्री राशन, महिलाओं को नकदी जैसी 'मुफ्त की रेवड़ियों' वाली योजनाएं राज्यों के लिए बड़ा बोझ बन रही हैं। हालत यह है कि इनको पूरा करने के लिए राज्य न पर्याप्त संसाधन जुटा पा रहे हैं और न संतुलित बजट बना पा रहे हैं।

कुछ राज्यों में तो इन घोषणाओं का बोझ कुल राजस्व प्राप्तियों के 30 से 40% तक पहुंच गया है। हिमाचल जैसे छोटे राज्य में नकदी संकट की विकट स्थिति है। राज्य में सीएम, मंत्री, विधायकों समेत अफसरों के वेतन-पेंशन टालने पड़े। तेलंगाना को चुनावी घोषणाओं के लिए हर साल 1 लाख करोड़ चाहिए, पर बजट की कमी से कई योजनाएं अटकी हैं। मप्र में लाड़ली बहना योजना के चलते जीएसडीपी के मुकाबले कर्ज 27% से बढ़कर 32% पहुंच गया।

# ईरान बोला- दो अमेरिकी हेलिकॉप्टर और दो ट्रांसपोर्ट विमान गिराए : रिपोर्ट में दावा- अमेरिका ने खुद जलाए

राष्ट्रबाण | तेल अवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

**ईरान** ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 2 हेलिकॉप्टर और 2 ट्रांसपोर्ट विमान मार गिराए। इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुताबिक यह कार्रवाई इस्फहान के दक्षिणी इलाके में की गई, जब अमेरिकी सेना अपने पायलट को रेस्क्यू करने की कोशिश कर रही थी।

आईआरजीसी का कहना है कि इस ऑपरेशन के दौरान उसने 2 सी-130 ट्रांसपोर्ट विमान और 2 ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर को तबाह कर दिया, जिससे अमेरिकी रेस्क्यू मिशन नाकाम हो गया। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन सफल रहा और पायलट को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान से एक बचाए गए अमेरिकी एयरमैन और कमांडो को निकालने वाले दो ट्रांसपोर्ट विमान वहीं फंस गए थे। इसके बाद अमेरिका को तीन नए विमान भेजने पड़े। रिपोर्ट के मुताबिक, बाद में अमेरिकी सेना ने उन फंसे हुए ट्रांसपोर्ट विमानों को उड़ा दिया, ताकि उनकी तकनीक ईरान के हाथ न लगे।




### ईरान के पहाड़ों में छिपा था अमेरिकी पायलट, 36 घंटे में दुश्मन के बीच से बचाया

अमेरिका के एक एफ-15 फाइटर जेट को ईरान के ऊपर मार गिराए जाने के 36 घंटे बाद उसके दोनों पायलट को अमेरिकी स्पेशल फोर्स ने बचा लिया है। शनिवार को स्पेशल कमांडो यूनिट ने दर्जनों लड़ाकू विमानों के साथ ईरान में ऑपरेशन चलाया। अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरानी फोर्स को उस इलाके तक पहुंचने से रोकने के लिए हमले भी किए। इस दौरान भारी गोलीबारी हुई, लेकिन अंत में अमेरिकी टीम पायलट को सुरक्षित निकालने में सफल रही और सभी सैनिक ईरान से बाहर आ गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे अमेरिकी इतिहास का सबसे साहसी सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन करार दिया है।

### ईरान ने ट्रम्प का 48 घंटे का अल्टीमेटम ठुकराया


ईरान ने ट्रम्प के 48 घंटे में होर्मुज खोलने के अल्टीमेटम को ठुकरा दिया है। ईरानी सेना ने कहा है कि अमेरिका बेबस और घबराकर धमकियां दे रहा है। ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज खोलने या समझौता करने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि समय खत्म हो रहा है और ऐसा नहीं होने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया जाएगा। ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि बहरीन और कुवैत के पेट्रोकेमिकल प्लांट्स पर हमले किए हैं। आईआरजीसी के मुताबिक, तेहरान के पास कराज शहर में पुल और इंडस्ट्री पर हुए हमलों के बाद यह जवाबी हमला किया गया।

# पाकिस्तान की भारत को धमकी- अगला संघर्ष सीमा तक नहीं रहेगा

## रक्षा मंत्री आसिफ बोले- हम कोलकाता तक पहुंचेंगे और उनको घर में घुसकर मारेंगे

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए भारत को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन (छिपकर हमला) करता है, तो इस बार संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कोलकाता तक पहुंच



सकता है।

ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि भारत अपने लोगों या हिरासत में बंद पाकिस्तानियों का इस्तेमाल करके झूठा ड्रामा रचने की योजना बना रहा है। पिछले साल की तरह इस बार भारत को और ज्यादा शर्मिंदगी का सामना करना पड़ेगा। आसिफ ने आगे ये भी कहा कि शवों को कहीं रखकर पाकिस्तान पर आतंकवाद का आरोप लगाया जा सकता है, लेकिन उन्होंने (भारत ने) इस दावे के लिए कोई सबूत नहीं दिया।

**भारतीय रक्षा मंत्री बोले थे- पाकिस्तान ने गंदा खेल खेला तो जवाब देंगे:** ख्वाजा आसिफ के इस बयान पर भारत की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरलम में एक कार्यक्रम में पाकिस्तान को साफ चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर पाकिस्तान फिर कोई गलत कदम उठाएगा तो भारतीय सेना निर्णायक जवाब देगी।

## विपक्ष के समर्थन के सवाल पर कहा- जो हमारी सुनेगा, उसके साथ खड़े रहेंगे

# भागवत शादी कर बच्चे क्यों नहीं पैदा करते: शंकराचार्य

**बरेली, एजेंसी।**

**'हमने** तो कहा था कि मोहन भागवत और उनके प्रचारक आएं, विवाह करें, बच्चे पैदा करें, जनसंख्या बढ़ाएं। एक तरफ सरकार कह रही है कि जनसंख्या विस्फोट हो रहा। दूसरी तरफ, ये लोग जनसंख्या बढ़ाने की बात करते हैं। अगर संख्या बढ़नी इतनी जरूरी है तो आप शादी करके बच्चे पैदा क्यों नहीं करते। दूसरों पर बोझ क्यों लादते हो। पहले खुद करो, फिर दूसरों से कहो।'

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार को बरेली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। वे ऋस्स प्रमुख के 3 बच्चे पैदा करने वाले बयान से जुड़े सवाल पर जवाब दे रहे थे। दरअसल, भागवत कई बार कह चुके हैं कि हिंदुओं के लिए तीन बच्चे पैदा करना जरूरी हैं।

पिछले महीने मथुरा दौरे पर भी भागवत ने कहा था- डॉक्टर मानते हैं कि अगर किसी परिवार में तीन संतान होती हैं तो माता-पिता और बच्चों के सेहतमंद होने की संभावना बढ़ जाती है। जैसा कि मानस शास्त्र कहता है कि घर में तीन बच्चे होने पर वे बड़े होकर बेहतर और संतुलित व्यक्तित्व के बनते हैं। आपसी झगड़े-टकराव भी कम होते हैं।

विपक्ष का समर्थन करने के सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि सत्ता पक्ष कहता है कि हम विपक्ष के साथ हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप हमारी बात सुनें। गो-माता की रक्षा के लिए कानून बनाएं। हम आपके साथ खड़े हो जाएंगे। मैं पक्ष-विपक्ष किसी के साथ नहीं हूं। जो भी हमारी बात सुनेगा।

### 'अमेरिका-इजराइल युद्ध पर विद्वानों को चुप होते देख हैरान हूं'

देवभूमि इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- जब युद्ध होता है तो हमेशा दो पक्ष होते हैं, उसमें एक न्याय और दूसरा अन्याय का होता है। जैसे आज एक पक्ष अमेरिका और इजराइल तो दूसरा ईरान है। आश्चर्य है कि पूरी दुनिया के विद्वान इस मुद्दे पर मौन हैं। ये मानवता के प्रति अपराध है।

शंकराचार्य ने कहा कि युद्ध पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्या रिएक्शन रहा। इस पर मैं कुछ भी नहीं कहना चाहूंगा, लेकिन एक विद्वान का ये दायित्व होता है कि उसे बताना चाहिए कि ये व्यक्ति अन्याय कर रहा है और ये व्यक्ति अन्याय सह रहा है, क्योंकि युद्ध में दोनों अच्छे पक्ष नहीं हो सकते है। उन्होंने कहा- भारत शुरू से गुट निरपेक्ष देश रहा है। भारत कभी भी युद्ध में किसी के साथ खड़ा नहीं हुआ। ये पहला अवसर है, जब प्रधानमंत्री जी के मौन के कारण लोगों के मन में ये सवाल उठ रहा है कि वे शायद किसी के पक्ष में खड़े हैं।



# शहडोल राष्ट्रबाण

• ब्यौहारी • जयसिंहनगर • सोहागपुर • गोहपारु • बुढ़ार • जैतपुर

# शराब दुकानों में मनमानी, एमआरपी से ज्यादा वसूली, निजी खाते में भुगतान का आरोप

## मीरा लक्ष्मी एग्रो स्टेट के ठेके पर उठे गंभीर सवाल, बिना बिल बिक्री और देर रात संचालन से बढ़ी चिंता

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

संभागीय मुख्यालय में 1 अप्रैल से शुरू हुए नए शराब ठेके के साथ ही अनियमितताओं के आरोप तेज हो गए हैं। मीरा लक्ष्मी एग्रो स्टेट के तहत संचालित शराब दुकानों पर पहले ही दिन से नियमों की अनदेखी का आरोप लग रहा है। स्थानीय ग्राहकों का कहना है कि दुकानों पर शराब एमआरपी से अधिक कीमत पर बेची जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। ग्राहकों ने बताया कि शराब की कीमतों में 20 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की जा रही है। विरोध करने पर दुकानदारों द्वारा यह तर्क दिया जाता है कि ठेका महंगा हुआ है, इसलिए रेट बढ़ाना मजबूरी है। हालांकि, आबकारी नियमों के तहत एमआरपी से अधिक कीमत वसूलना पूरी तरह अवैध माना जाता है।

### बिना रेट लिस्ट चल रही शराब दुकान

शहर में एक शराब दुकान बिना रेट लिस्ट के संचालित होती पाई गई जिससे ग्राहकों में नाराज़गी बढ़ रही है। ग्राहकों का आरोप है कि दुकान संचालक मनमाने दाम वसूल रहे हैं और निर्धारित कीमतों का पालन नहीं किया जा रहा। नियमानुसार दुकान पर रेट लिस्ट प्रदर्शित करना अनिवार्य है लेकिन यहां इसका अभाव है। आबकारी विभाग से शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नागरिकों ने संबंधित विभाग से जांच कर उचित कदम उठाने की मांग की है।




### फर्म के बजाय राजू जायसवाल के खाते में भुगतान?

मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू भुगतान प्रक्रिया को लेकर सामने आया है। बताया गया है कि ग्राहकों से डिजिटल भुगतान फर्म के आधिकारिक खाते में कराने के बजाय राजू जायसवाल नामक व्यक्ति के खाते में लिया जा रहा है। जबकि नियमों के अनुसार सभी लेन-देन फर्म या अधिकृत संस्था के खाते में ही होना चाहिए। इस स्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर राजू जायसवाल कौन है? क्या वह इस फर्म से आधिकारिक रूप से जुड़ा है या फिर यह किसी अनियमित वित्तीय लेन-देन का हिस्सा है? यदि भुगतान निजी खाते में जा रहा है, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी?

### बिना बिल बिक्री से पारदर्शिता पर सवाल

दुकानों की कार्यप्रणाली पर एक और बड़ा सवाल बिलिंग व्यवस्था को लेकर खड़ा हो रहा है। ग्राहकों का आरोप है कि खरीदारी के बाद उन्हें कोई रसीद नहीं दी जाती। जब बिल की मांग की जाती है, तो कर्मचारियों का जवाब होता हैबअभी बिल नहीं मिला है, आपको कहां से दें। इससे यह संदेह गहराता है कि कहीं राजस्व में गड़बड़ी तो नहीं की जा रही।

### देर रात तक खुली दुकानें, नियमों की अनदेखी

आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित समय के बावजूद शहडोल में शराब दुकानें देर रात तक खुली रहने के आरोप भी सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्धारित समय सीमा के बाद भी खुलेआम शराब की बिक्री जारी रहती है, जिससे कानून-व्यवस्था और सामाजिक वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

### प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवाल

लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। इससे लोगों में नाराजगी है और सवाल उठ रहा है कि क्या इन अनियमितताओं पर जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

### जांच और कार्रवाई आवश्यक

ग्राहकों ने आबकारी विभाग से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और यह सुनिश्चित करने की मांग की है कि सभी शराब दुकानों पर एमआरपी के अनुसार ही बिक्री हो, भुगतान अधिकृत खाते में ही लिया जाए और बिलिंग व्यवस्था पारदर्शी बनाई जाए।

### प्रशासनिक प्रतिक्रिया

शराब दुकानें नियमानुसार ही चल रही है और विभाग लगातार मॉनिटरिंग की जा रही और जहां पर गलत पाया जाता है ठेकेदार को आरोप पत्र दिया जाता है, अगर कहीं भी तय समय के बाद शराब बिक्री हो रही है तो जांच कर ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी।

रजनीश त्रिपाठी
वेयर हाउस प्रभारी, शहडोल

# ग्रामीण क्षेत्रों में वॉश ऑन व्हील अभियान को मिला जोरदार समर्थन, जागरूकता रैली आयोजित



राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति के निर्देशन में जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत ग्राम जमुई में मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी पहल वॉश ऑन व्हील को ग्रामीण स्तर पर बढ़ावा देने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। वॉश ऑन व्हील के तहत मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से व्यक्तिगत, सामूहिक और संस्थागत शौचालयों की सफाई सेवा सीधे घर-घर तक उपलब्ध कराई जा रही है। रैली का नेतृत्व डिप्टी कलेक्टर गैलेक्सी नागपुरे ने किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सोहागपुर की टीम, ग्राम जमुई के सचिव, रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी और स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को ऐप के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें प्रेरित किया गया कि वे एप के माध्यम से बुकिंग कर अपने शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कम्युनिटी सैनिटरी कॉम्प्लेक्स, स्कूलों और अन्य संस्थानों में भी, जहाँ सफाई कर्मचारी उपलब्ध नहीं होते, अब नियमित सफाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। व्यक्तिगत शौचालय की सफाई ज्50 प्रति शौचालय तथा संस्थागत शौचालय (स्कूल/ के लिए दो सौ रुपए निर्धारित दर पर की जा रही है। सफाई के लिए आवश्यक सभी सामग्री जैसे एसिड, फिनाइल, हार्पिक और सैनिटाइजर संबंधित कर्मचारी द्वारा ही उपलब्ध कराई जाती है। उपयोगकर्ता को केवल एप के माध्यम से बुकिंग करनी होती है और सफाई पूर्ण होने के बाद ह्ळक्ष्क्क के माध्यम से भुगतान करना होता है।वर्तमान में जिला प्रदेश में बुकिंग संख्या के आधार पर छठवें स्थान पर है। इस पहल से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता का स्तर बेहतर हो रहा है, बल्कि स्वच्छता कर्मियों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

# विशाल तालाब के घाट की श्रमदान कर सफाई

## जल संरक्षण का संदेश दिया गया




राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

जल प्रकृति द्वारा प्रदत्त अमूल्य उपहार है, जो सभी जीवों के अस्तित्व का आधार है। इसे सुरक्षित रखना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण, संवर्धन और इसके महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत ब्यौहारी के अंतर्गत भमरहा 2 चिपाड़नाथ धाम में स्थित विशाल तालाब के घाट की सफाई का कार्य किया गया। इस श्रमदान में ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद शिव दत्त उरमलिया, नवांकुर संस्था से सुखेंद्र गुप्ता, परामर्शदाता, सरस्वती चंद्र विद्या, रामेश्वर पाल, हीरालाल साहू, अर्पिता सिंह बैंस, सुखेंद्र दीक्षित, भैया लाल पाल सहित अन्य सदस्य और ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर तालाब के घाट की सफाई की और जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश ग्रामीण जनों तक पहुँचाया। आयोजकों ने कहा कि जल के महत्व को समझकर इसकी एक-एक बूंद का संरक्षण करना आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके।

# सीएमओ ने व्यावसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण, स्वच्छता सुधार के दिए निर्देश

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in



नगर पालिका परिषद धनपुरी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के तहत नगर के व्यावसायिक क्षेत्रों, विशेषकर चौपाटी और विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौपाटी सहित सभी वार्डों में नियमित और बेहतर सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आवश्यकतानुसार क्षेत्रों की रंगाई-पुताई कर उन्हें आकर्षक रूप देने के भी निर्देश दिए, ताकि नगर की छवि और अधिक स्वच्छ और सुंदर बने। सीएमओ ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए नगर के प्रत्येक क्षेत्र में साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका का मैदानी अमला भी उपस्थित रहा और निरीक्षण में सहयोग प्रदान किया।

# शासकीय विद्यालय मैकी में सहायक आयुक्त ने वाटर कूलर का किया शुभारंभ

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in



सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग आनंद राय सिंहा ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय मैकी में विद्यार्थियों के लिए स्थापित नए वाटर कूलर का फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया। यह पहल ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए छात्रों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त ने विद्यालय में वितरित किए जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया और छात्रों के साथ मिलकर मध्यान्ह भोजन का अनुभव लिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना शिक्षा विभाग की प्राथमिकता में शामिल है। कार्यक्रम में प्राचार्य संजय पांडे, प्रधानाध्यापक श्रीमती जयश्री जायसवाल और अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों और स्टाफ में उत्साह का माहौल देखा गया, और यह कदम स्कूल में स्वास्थ्य और पोषण के स्तर को और ऊँचा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# कोतमा हादसे में मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता देने के दिए निर्देश

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कोतमा जिला अनूपपुर में हुए दुखद लॉज भवन हादसे में दिवंगतों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश जारी किए हैं। दिवंगतों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 4 लाख रुपये, संबल योजना के तहत 4 लाख रुपये और रेडक्रॉस से 1 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। घायलों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 2 लाख रुपये और रेडक्रॉस से 50 हजार रुपये राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने दिवंगतों की आत्मा की शांति और परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की, साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार प्रभावित परिजन के साथ है। इस हादसे में 3 लोगों की मृत्यु हुई है, जिनकी पहचान हनुमान दीन यादव, रामकृपाल यादव और एक अन्य स्थानीय निवासी के रूप में हुई है। वहीं 3 अन्य घायल हुए, जिनमें गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को बेहतर उपचार के लिए शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में चल रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन शनिवार शाम से रविवार दोपहर तक जारी रहा। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस, प्रशासन और एसईसीएल की टीमों ने आधुनिक मशीनों और डॉग स्क्वॉड की मदद से मलबे की गहन तलाशी ली। रेस्क्यू टीम ने मलबे से 3 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और तत्काल उपचार उपलब्ध कराया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार और कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री दिलीप जायसवाल पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान घटनास्थल पर उपस्थित रहे और राहत कार्यों का नेतृत्व किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस गंभीर हादसे की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एसईसीएल की टीमों, पुलिस बल और स्थानीय नागरिकों के सहयोग की सराहना की। यह घटना राज्य में सुरक्षा मानकों और भवन निर्माण नियमों के अनुपालन की आवश्यकता को भी उजागर करती है, जबकि राहत एवं बचाव कार्य समय पर और प्रभावी ढंग से संपन्न किए गए।

## बाइक रैली के साथ हुआ आयोजन

# युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in



युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के नगर आगमन पर जिला युवा कांग्रेस द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात स्तंभ चौक से बाइक रैली निकाली गई, जो अंबेडकर चौक और गांधी चौक से होते हुए कांग्रेस भवन पहुंची। रैली में युवा कार्यकर्ताओं की भारी भागीदारी रही। कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक एक संगठनात्मक बैठक थी, जिसमें आगामी 13 अप्रैल को जबलपुर में युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों पर चर्चा की गई।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे सहित नीरज द्विवेदी, आजाद बहादुर सिंह, हनुमान मिश्रा, अनूप सिंह, शिम्पी अग्रवाल, नरेंद्र मरावी, उमा धुर्वे, राजेश सोंधिया, सूफियान खान, प्रभात पाण्डेय, अंकित सिंह, अजीत सोनी, अभिषेक शुक्ला, शेख आबिद, अनुज सिंह, निशांत जोशी, शेख साजिल, सोनू चौबे, श्रीनमों गर्ग, आशीष मिश्रा, सत्यकाम पटेल, सुहैल आलम, अंकित पाण्डेय, फैज़, इकराम, शिवम यादव, हर्षित द्विवेदी, बसंत साहू, संदीप पटेल, प्रियदर्शी तिवारी, विक्रम सिंह, आयुष ताम्रकार, इमरान, सत्यम प्रजापति, अलीम खान, बंटी महतो, मोहन पोल, आसू चौधरी सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय मैकी का किया निरीक्षण, शिक्षा व्यवस्था की सराहना की

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in




कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जनपद पंचायत सोहागपुर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय मैकी का निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोई कक्ष, कक्षाओं, प्रधानाध्यापक कक्ष और विद्यालय परिसर का अवलोकन किया। कलेक्टर ने विद्यालय में साफ-सफाई, रख-रखाव और शिक्षा व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों से चर्चा कर विद्यालय में पदस्थ स्टाफ और विद्यार्थियों की संख्या से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, प्राचार्य संजय पांडे, प्रधानाध्यापक श्रीमती जयश्री जायसवाल सहित विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 6 अप्रैल 2026

# बालाघाट राष्ट्रबाण

• बैहर • बिरसा • कटंगी • तिरोड़ी • कटंगी • खैरलांजी • किरनापुर • लालबर्रा • लांजी • परसवाड़ा • वारासिवनी

- खनन प्रतिबंधित बावजूद फिर क्या स्थानीय प्रशासन के संरक्षण में खनन जारी है?
- अब तालाबों की मिट्टी पर खनन माफिया की नजरें, हर दिन खोद रहे और बेच रहे मिट्टी
- तालाबों में खनन कर मिट्टी बेचने की अनुमति किसने दी? सार्वजनिक तालाबों से जेसीबी से निकाली जा रही मिट्टी !



पाढ़रवानी के महुआ तालाब में ग्राम पंचायत द्वारा जेसीबी से अवैध खनन कर ट्रेक्टर ट्राली से परिवहन करवाकर प्लाटिंग में मिट्टी बेच लिया जा रहा दोहरा लाभ।

# खनन माफियाओं का अवैध धंधा, जिम्मेदार प्रशासन बना अंधा

## शनिवार देर शाम को तालाब से खनन कर कॉलोनाइजरों के प्लॉटो में डाली जा रही मिट्टी: ग्रामीण

राष्ट्रबाण लालबर्रा | संवाददाता rashtrabaan.in

लालबर्रा तहसील क्षेत्र के शासकीय तालाबों में खनन माफिया खनन कर नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहें हैं। इन्हें उच्च अधिकारियों के आदेश की कोई परवाह नहीं है और हो भी क्यों ? आखिर जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन का हाथ इन माफियाओं के कंधे और सर पर जो है, ये लोग क्षेत्र के शासकीय तालाब से रात में खनन कर मिट्टी बेच डालते हैं। माफिया की दबंगई और बड़ों के संरक्षण के कारण गांव के लोग भी चुप होकर बैठे रहते हैं, वहीं इन दिनों लालबर्रा क्षेत्र में अवैध खनन का बोलबाला है। कई दिनों से लगातार लालबर्रा ब्लॉक के अधिकतर गांव के शासकीय तालाबों की जगह खोदकर मिट्टी बेचने का काम चल रहा है और जिम्मेदार अपनी आंखें बंद कर बैठे हैं।

सनद रहे कि गर्मी के दिनों में तालाब में पानी रहता है तो जानवरों के काम आता है और पानी का लेबल भी बना रहता है। मगर गांवों के शासकीय तालाबों निजी स्वार्थ के लिए खनन कर खाली किया जा रहा है और जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी निकाल कर बेचने का काम निरंतर अनवरत रूप से जारी है। उसको बेच कर अपना जेब भर रहे हैं। मिट्टी खनन माफिया के द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। तालाब की मिट्टी खनन कर परिवहन करवाकर बेचने की किसने अनुमति दी, यह भी कोई बताने वाला नहीं है।

### प्लॉट में एक हजार रुपये प्रति ट्राली के हिसाब से बेची जा रही मिट्टी

लोगों ने बताया कि खनन की शिकायत भी करते हैं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है यदि मिट्टी खोदने की सूचना स्थानीय पुलिस थाने, राजस्व विभाग या खनन विभाग को देने पर भी कुछ नहीं होता है, केवल अभी दिखवाते हैं कहकर के फिर फोन तक नहीं उठाते हैं। कुछ दबंग लोग बाहरी लोगों के साथ मिलकर के मिट्टी बेच रहे हैं। लगातार मिट्टी का खनन अवैध रूप से जारी है। दिन ढलते ही जेसीबी मशीन के द्वारा खनन कर दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों से ढोया जा रहा है। रातभर ट्रैक्टर ट्रॉली से करीब सैकड़ों ट्रॉली बने प्लाटों में मिट्टी जा रही है।



पाढ़रवानी का वह तालाब जिसमें अवैध खनन कर ट्रैक्टर ट्राली से परिवहन कर मिट्टी बेची जा रही है.

### इधर प्रतिबन्ध और जाँच में है पांढ़रवानी शासकीय तालाब

जागरूक ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पांढ़रवानी शासकीय तालाब में अभी कुछ दिन पहले ही पानी से भरे शासकीय तालाब की मेड़ पार को पंचायत द्वारा काट दिया गया और उसका पानी व्यर्थ में बहा दिया गया। भीषण गर्मी में जबकि बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा द्वारा मार्च से ही आदेश लागू किये गए हैं कि सम्पूर्ण बालाघाट जिला जल अभाव घोषित है और प्रतिदिन शासकीय तालाबों या अन्य प्रकार से जल संवर्धन योजना अंतर्गत और अन्य प्रकार से जल बचाने (सहेजने) के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। सामाजिक संस्थाओं द्वारा इस मुहिम को सकारात्मक रूप से किसी न किसी रूप में अभियान के माध्यम से जल सहजने के बारे में बताया जा रहा है, वहीं 13 मार्च 2026 से 31 जुलाई 2026 तक किसी भी प्रकार से खनन नहीं किया जाए प्रतिबन्ध लगाया गया है। बावजूद कलेक्टर के आदेश की अवहेलना करते हुए पांढ़रवानी पंचायत ने पानी से लबालब भरे शासकीय तालाब की पार को जानबूझकर तोड़कर पानी बहा दिया। जिसकी शिकायत पांढ़रवानी (लालबर्रा) उपसरपंच सहित स्थानीय नागरिकों ने जनपद लालबर्रा एसडीओ इंजीनियर सहित अन्य को की है। जहां मौका स्थल का पंचनामा भी बना है और अभी उक्त तालाब जांच का विषय है और अब जानकारी लगी कि शनिवार 4 मार्च 2026 की शाम से पांढ़रवानी महुआ तालाब में अवैध रूप से जिम्मेदार विभाग से बिना अनुमति लिये जेसीबी लगाकर मिट्टी का अवैध खनन कर ट्रैक्टर ट्राली से परिवहन कराया जा रहा है। रविवार होने की वजह से प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी गई कि रविवार को तालाब में जो अभी वर्तमान में जांच के अंदर है। उसमें जेसीबी लगाकर खनन किया जा रहा है जिसकी भनक लगते ही जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली भाग खड़े हुए। इस तरह से अंदाजा लगाया जा सकता है की खनन माफिया किस तरह सक्रिय है और उनका नेटवर्क कितना मजबूत है। और जिम्मेदार कितने अंधे बहरे लंगड़े लूले हैं।

### जिम्मेदारों का गोलमोल जवाब

जिम्मेदार अधिकारियों को इस मामले से अवगत कराया गया तो सब इंजीनियर जनपद ने कहा कि प्लाऊ से तालाब में खुदाई कर सकते हैं। जेसीबी से तालाब में खुदाई करने की हमें कोई जानकारी नहीं है। एसडीओ मेडम जनपद ने कहा कि तालाब की मेड़ पार काटने पर उस समय कुछ ग्रामीणों ने शिकायत की थी जिस पर मौका स्थल पर पहुंचकर पंचनामा बनाया गया था। जेसीबी से खुदाई कर मिट्टी बेची जा रही है इसकी हमें कोई जानकारी नहीं है। ग्राम पंचायत को उस समय ही रोक दिया गया था कि अभी आप कोई भी काम न करायें। संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को बिना सूचना दिये बिना अवगत कराये कोई भी कार्य चालू नहीं करना चाहिए। कार्य संबंधित अधिकारियों के मार्गदर्शन में ही करना चाहिए। मैं सब इंजीनियर से बात करती हूं। तहसीलदार साहब ने मैं अभी बाहर हूं, डेढ़ घंटे बाद आपको फोन करता हूं फिर बातचीत हो जायेगी कहा और लगभग 5.45 बजे के आसपास उनकी गाड़ी लालबर्रा नगर के सिवनी बालाघाट मार्ग से सिवनी रोड़ पर जाती हुई दिखाई दी। एसडीएम साहब ने फोन उठाया लेकिन फोन कट गया, दोबारा फोन लगाया गया तो रिसीव नहीं किया गया।

## दोहरी उपलब्धि

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बनने पर विधायक गौरव पारधी का भव्य स्वागत

## चिकमारा में विकास कार्यों का शंखनाद



राष्ट्रबाण कटंगी | संवाददाता rashtrabaan.in

क्षेत्रीय राजनीति के उभरते सितारे और कटंगी के युवा विधायक गौरव सिंह पारधी का कद अब प्रदेश की राजनीति में और भी ऊंचा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनकी कार्यकुशलता और ओजस्वी वक्ता शैली पर भरोसा जताते हुए उन्हें भाजपा मध्य प्रदेश का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। इस बड़ी जिम्मेदारी के बाद प्रथम नगर आगमन पर जहाँ जनता ने उनका पलक-पावड़े बिछाकर स्वागत किया, वहीं विधायक ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी है।

संगठन को मिली नई धार, कार्यकर्ताओं में उत्साह भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल द्वारा जारी सूची में नाम आने के बाद से ही पूरे जिले में हर्ष व्याप्त है। भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने इस नियुक्ति को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है। माना जा रहा है कि पारधी की नियुक्ति से न केवल संगठन को मजबूती मिलेगी, बल्कि प्रदेश स्तर पर कटंगी की आवाज और भी प्रखरता से गूँजेगी।

### नगर में ऐतिहासिक स्वागत, जनसैलाब और आतिशबाजी

प्रदेश प्रवक्ता बनने के बाद जब गौरव सिंह पारधी पहली बार कटंगी पहुँचे, तो माहौल किसी उत्सव जैसा था। कटंगी विकास मंच और भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ उनका आत्मीय अभिनंदन किया। साथ ही चौरडिया राइस ऑयल प्लांट में समाज के लोगों ने तिलक लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी की बधाई दी।

### पद मिलते ही काम पर लौटे, चिकमारा में सीसी रोड का भूमिपूजन

सत्ता और संगठन में बढ़ती जिम्मेदारियों के बीच विधायक पारधी ने यह स्पष्ट कर दिया कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र का विकास ही है। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम पंचायत चिकमारा पहुँचकर सी.सी. रोड निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन किया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति केशर बिसेन और सरपंच अनीता गेड़ाम विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वही विधायक ने कहा कि गाँवों का सर्वांगीण विकास ही शासन का लक्ष्य है। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को कीचड़ और आवागमन की समस्या से स्थायी मुक्ति मिलेगी। भूमिपूजन के बाद विधायक ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने बिजली-पानी और अन्य बुनियादी मुद्दों के त्वरित निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया। विधायक गौरव सिंह पारधी की यह दोहरी सक्रियता एक ओर संगठन में बढ़ता कद और दूसरी ओर जमीनी स्तर पर विकास कार्यों की गति जिससे यह सिद्ध होता है कि भाजपा नेतृत्व का युवाओं पर भरोसा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कटंगी की जनता को विश्वास है कि उनका नेतृत्व अब भोपाल की विधानसभा से लेकर संगठन की बैठकों तक क्षेत्र की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगा।

इस अवसर पर उद्योगपति निहालचंद चौरडिया, पूर्व नपाध्यक्ष महेश देशमुख सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा शक्ति और श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# कटंगी को मिली 10 करोड़ के अस्पताल की सौगात



राष्ट्रबाण कटंगी | संवाददाता rashtrabaan.in

क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में 50 बिस्तरीय नवीन अस्पताल भवन का भूमिपूजन संपन्न हुआ। लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह आधुनिक अस्पताल क्षेत्रवासियों के लिए बेहतर इलाज का नया केंद्र बनेगा। इस परियोजना का शुभारंभ सांसद भारती पारधी एवं विधायक गौरव सिंह पारधी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति केशर बिसेन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। यह लगभग 10 करोड़ रुपये के बजट से तैयार होने वाले इस अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। जिसमें मरीजों के परामर्श के लिए व्यवस्थित कक्ष साथ ही भर्ती मरीजों के लिए 50 बिस्तरों की उन्नत व्यवस्था और प्रसूति सहायता और इमरजेंसी केस के लिए पृथक एवं त्वरित प्रबंध। जिससे डायग्नोस्टिक सेवाएँ से स्थानीय स्तर पर ही जांच की बेहतर सुविधाएं।

### क्षेत्र को होने वाले लाभ

इस अस्पताल के निर्माण से न केवल कटंगी शहर, बल्कि आसपास के सैकड़ों गाँवों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी आएगी। गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को उच्च स्तरीय उपचार स्थानीय स्तर पर ही मिलेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूदा दबाव कम होगा और कार्यक्षमता बढ़ेगी। भूमिपूजन के साथ ही कटंगी में चिकित्सा के एक नए युग की शुरुआत हो गई है। यह परियोजना क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग और उम्मीदों का प्रतीक है।

### इनका कहना है

केंद्र और राज्य सरकार का साझा लक्ष्य हर नागरिक तक सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। इस नए भवन से मरीजों को गंभीर इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

**— भारती पारधी, सांसद**

यह अस्पताल क्षेत्र की प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगा। निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जनता को जल्द लाभ मिले।

**— गौरव सिंह पारधी, विधायक**

# लामता में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत महकारी नदी की सफाई, जल संरक्षण का लिया संकल्प

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत बालाघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत लामता में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत महकारी नदी में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखते हुए जल संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। अभियान के दौरान ग्राम पंचायत लामता के व्यापारी संघ एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। नदी में जमा गंदगी को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा किए गए बोरी बंधान कार्य को जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर संकल्प लिया तथा शपथ भी ग्रहण की। अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि घरों एवं दुकानों का कचरा किसी भी जल स्त्रोत में न डालें, जिससे जल की गुणवत्ता बनी रहे और पर्यावरण सुरक्षित रह सके। कार्यक्रम में लामता तहसीलदार श्री दशवंता मरावी, सरपंच श्री हुलासमल कोचर, उपसरपंच श्री राजेंद्र मानेश्वर, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री योगेश खैरवार, सचिव श्री आशीष राहंगडाले सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके साथ ही पुलिस थाना स्टाफ, ग्राम रक्षक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं व्यापारीगणों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## सुबह 04 बजे खनिज विभाग और होमगार्ड जवानों की टीम ने की छापमार कार्यवाही

# लांजी में अवैध रेत खनन पर बड़ी कार्यवाही, तीन ट्रैक्टर जब्त

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

बालाघाट जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन लगातार सख्त कार्यवाही रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 5 अप्रैल 2026 को तड़के सुबह करीब 4 बजे खनिज विभाग की टीम ने लांजी तहसील के अंतर्गत ग्राम पौनी स्थित सर्रा नदी में आकस्मिक जांच अभियान चलाया और रेत का अवैध खनन व परिवहन करते पाए जाने पर 03 ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं।



उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल, सुरेश कुलस्ते एवं शुभम बोपचे के साथ होमगार्ड दिलहास कुरैशी और प्रेम उनके की टीम ने 05 अप्रैल को तड़के लगभग 04 बजे ग्राम पौनी स्थित सर्रा नदी मौके पर पहुंच कर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया है। इस कार्यवाही के दौरान सर्रा नदी में अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर रहे तीन ट्रैक्टरों को पकड़कर जब्त किया गया है।

जब्त किए गए वाहनों में ट्रैक्टर क्रमांक एमपी -50ॅ -1604, चालक शिवा पिता संतोष बागड़े, निवासी ग्राम लांजी

ट्रैक्टर क्रमांक स्क्क50-ँश्र-8388, चालक सुरेश पिता सदाराम नेवारे, निवासी ग्राम पौनी और ट्रैक्टर क्रमांक स्क्क50-ँष्ठ -7282, चालक नीलेश पिता बाबूलाल कड़पेती, निवासी ग्राम कोसमडीह शामिल हैं। तीनों ट्रैक्टरों को अवैध रेत उत्खनन करते हुए मौके से जब्त कर थाना परिसर लांजी में सुरक्षित खड़ा कराया गया है उप संचालक सुश्री फरहत जहां ने बताया गया कि उक्त प्रकरण में मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 6 अप्रैल 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

# शिक्षा के मंदिर में सत्ता का अखाड़ा: क्या अब बाबा तय करेंगे कॉलेज की मर्यादा?

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

**लोकतंत्र** के चौथे स्तंभ से आज एक ही सवाल गूँज रहा है कि क्या सरस्वती के आंगन में अब राजनीति की कालिख पोती जाएगी? सिवनी का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस आज शिक्षा की उत्कृष्टता के बजाय सत्ता की हनक और एक नेता की स्वयंभू हुकूमत के लिए चर्चाओं के बाजार में गर्म है। आरोप लग रहे हैं कि भाजपा नेता अजय बाबा पांडे ने कॉलेज परिसर को अपनी जागीर समझ लिया है। नियम-कायदे और प्रशासनिक प्रोटोकॉल को पैरों तले रौंदते हुए, शिक्षा के मंदिर के भीतर एक निजी चैंबर का निर्माण कर लिया गया है। या यूं कहे की कॉलेज अब सत्ता का चैंबर और नियमों की अर्थी बन गया है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

यह मनमानी कई बड़े सवाल खड़े करती है, कि किस सरकारी आदेश या नियमावली के तहत एक गैर-अकादमिक व्यक्ति को सरकारी कॉलेज के भीतर अपना निजी दरबार सजाने की अनुमति मिली? क्या सिवनी का प्रशासन इतना बौना हो गया है कि वह शिक्षा की गरिमा की रक्षा नहीं कर पा रहा? और सत्ता के आगे अपने नियम और आदर्शों को सत्ताधारियों के चरणों में गिरवी रख दिया है। आखिर क्यों स्वयं भू नेता अजय बाबा पांडेय पर कार्रवाई का चाबुक नहीं चल रहा है ? किसके संरक्षण में यह राजनीति का डॉन कलेक की अस्मिता से खेल रहा है।

**प्रशासनिक नैतिकता का पतन, अब तो जागिए हुक्मरान!**

यह केवल एक नेता के कब्जे की बात नहीं है, यह प्रशासनिक नैतिकता के पतन की पराकाष्ठा है। अगर आज शिक्षा के इन केंद्रों को प्राइवेट चैंबर बनने से नहीं रोका गया, तो कल हर संस्थान किसी न किसी सियासी दल का अखाड़ा बन जाएगा। वही अब सिवनी की जनता और छात्र समुदाय आज जवाब मांग रहा है। शिक्षा के मंदिर को राजनीति की चाशनी से बाहर निकालिए, वरना आने वाला इतिहास लिखेगा कि जब शिक्षा की गरिमा लूटी जा रही थी, तब जिम्मेदार अधिकारी अपनी कुर्सियों को सत्ता की गोद में सुरक्षित कर रहे थे।


अजय बाबा पांडेय, भाजपा नेता।

### सवाल जिनके जबाव तलाश रहे छात्र

- क्या उच्च शिक्षा विभाग ने अजय बाबा पांडे को कॉलेज में हस्तक्षेप की लिखित अनुमति दी है?
- क्या कॉलेज परिसर में किसी राजनेता का निजी चैंबर होना एक्सीलेंस की श्रेणी में आता है?
- छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले इस 'सियासी सर्कस' पर जिला प्रशासन कब संज्ञान लेगा?

### प्राचार्य की मौन स्वीकृति या लाचारी का समर्पण?

कॉलेज के प्राचार्य की भूमिका आज कठघरे में है। जिस हाथ में अनुशासन की छड़ी होनी चाहिए थी, क्या वह हाथ आज सत्ता के रसूख के सामने नतमस्तक हैं? शिक्षा जगत में यह चर्चा आम है कि प्राचार्य ने बाबा पांडे के रसूख के आगे घुटने टेक दिए हैं। वही पूर्व में भी छात्रों का अपमान का आरोप लग चुका है कि छात्रों को चिलचिलाती धूप में बिठाकर सत्ता का गुणगान सुनने पर विवश किया जा रहा है। वही नेताओं का सम्मान में भाजपा के पन्ना प्रभारियों और नेताओं के लिए रेड कार्पेट बिछाए जा रहे हैं। जो संसाधनों का दुरुपयोग मना जाता है कि क्या जनता के टैक्स का पैसा और शिक्षा का बजट अब भाजपा के चुनावी प्रोपेगेंडा और स्वागत-सत्कार में फूँका जाएगा?

# खिलाड़ी सुविधाओं को तरसे, खेल अधिकारी पर लक्ष्मी बरसे!

**खेल अधिकारी का नया महामंत्र** : खिलाड़ी गए तेल लेने, बस जपते रहो लक्ष्मी-नारायण!




सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

**जिला** खेल विभाग में इन दिनों एक नई आध्यात्मिक लहर चल रही है। यहाँ खेल के नियमों की किताबें रद्दी में डाल दी गई हैं और उसकी जगह एक ही मंत्र का जाप हो रहा है कि लक्ष्मी-नारायण! सुनने में यह भक्ति भाव लग सकता है, लेकिन इस जाप के पीछे का अर्थ बड़ा ही सांसारिक और मलाईदार है। यहाँ लक्ष्मी वह कर्मचारी है जो मैडम को उस बजट और चंदे में मदद करता है जिससे खिलाड़ियों की डाइट डकार कर मैडम अपनी तिजोरियों में जमा करती है और एक कर्मचारी नारायण है जो रसूखदार माननीयों की स्वागत-सत्कार कर आरती उतारकर मैडम की कुर्सी को सुरक्षित करता हैं।

**मैदान पर सूखा, दफ्तर में लक्ष्मी-नारायण की कृपा!**

जब खिलाड़ी मैदान पर एक बूंद पानी और ढंग के जूतों के लिए तरसते हैं, तब विभाग के कारिंदे यह तय करने में व्यस्त होते हैं कि नेताओं के स्वागत वाले फ्लेक्स में महालक्ष्मी की कृपा कैसे बरसेगी। कोच साहब अब सीटी नहीं बजाते, क्योंकि उनके हाथ तो नेताओं को बुके अर्थात गुलदस्ता भेंट करने और नारायणों साहब चरण-वंदना करने में व्यस्त रहते हैं। आखिर पसीना बहाने से क्या मिलता है? मेवा तो जी-हुजूरी के जाप से ही मिलता है!


लक्ष्मी प्रसाद ठाकरे


नारायण बिसेन


मनु धुर्वे, जिला खेल अधिकारी

### सरकारी दफ्तरों में बाबूगिरी का अकाल और करोड़ों के टर्फ पर सेल्फी का अखाड़ा!

सिवनी विकासखंड में खेल नहीं, बल्कि लुका-छिपी का खेल चल रहा है। साहब हों या बाबू, दफ्तरों में इनका दीदार ईद के चांद जैसा हो गया है कि वक्त पर आना तो जैसे इनके ईमान के खिलाफ है। वहीं दूसरी ओर, करोड़ों की लागत से बने चमचमाते टर्फ मैदान अब खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के बजाय कोचों के लिए फोटो स्टूडियो बन चुके हैं। मैदान में खिलाड़ी पसीना बहाने आएं न आएं, लेकिन सेल्फीबाज कोच साहब जरूर पधारते हैं, एक मुस्कुराहट के साथ फोटो क्लिक की, हाजिरी की रस्म अदायगी हुई और फिर मैदान से ऐसे रफूचक्कर होते हैं जैसे गधे के सिर से सींग! करोड़ों का सरकारी पैसा इन वीरान मैदानों और गायब कोचों की भेंट चढ़ रहा है। आलम यह है कि टर्फ की घास खिलाड़ियों के कदमों का इंतजार करते-करते थक गई है, लेकिन एसी कमरों और रसूखदारों की परिक्रमा करने वाले इन 'गुरुओं' को ट्रेनिंग से ज्यादा अपनी 'सोशल मीडिया प्रोफाइल' चमकाने की फिक्र है। क्या प्रशासन बताएगा कि जब मैदान कोच विहीन और दफ्तर बाबू विहीन हैं, तो आखिर विकास की ये ट्रेन पटरी पर है या पटरी से ही उतर चुकी है?

### भ्रष्टाचार की आरती और कमीशन का प्रसाद

मैडम जिला खेल अधिकारी के दरबार में खेल प्रतिभाओं का प्रवेश वर्जित हो सकता है, लेकिन चंदा और सेटिंग लेकर आने वालों के लिए रेड कार्पेट बिछा रहता है। छिंदवाड़ा में विकास के बादल बरस रहे हैं, लेकिन सिवनी में खेल अधिकारी ने ऐसा मौन व्रत धारण किया है कि उन्हें खिलाड़ियों की सिसकियां सुनाई नहीं देतीं, बस गांधीजी वाले नोटों की खनक और रसूखदारों की जय-जयकार ही उनके कानों को सुकून देती है।

### प्रभु, इन भक्तों से खेल को बचाओ!

सिवनी के खेल जगत का दुर्भाग्य देखिए कि जहाँ खेलो इंडिया का नारा गूंजना था, वहाँ झेलो भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। खिलाड़ियों का भविष्य अंधकार में है, लेकिन विभाग निश्चिंत है क्योंकि उनके पास लक्ष्मी नारायण का साथ है और नेताओं का हाथ विभाग के सिर पर है। मैदान की धूल फांकना अब पुराना फैशन है, असली खेल वही है, जिसका लक्ष्मी-नारायण से कनेक्शन है!

# जुएं की लत ने ली जान, यमराज बन टूटा आसमान

## उड़ेपानी में बिजली गिरने से युवक की मौत, प्रशासन पर उठे सवाल

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

**शुक्रवार** की शाम प्रकृति के रौद्र रूप ने एक हँसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। मंडला रोड स्थित ग्राम उड़ेपानी में आसमानी बिजली की चपेट में आने से 40 वर्षीय इरफान उर्फ रमजान निवासी छिड़िया पलारी की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, इस दुखद हादसे ने क्षेत्र में चल रहे अवैध जुआ कारोबार और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

परिजनों और पुलिस का प्राथमिक बयान है, आधिकारिक तौर पर बताया गया कि इरफान अपनी गेहूं की फसल कटवाने के लिए हार्वेस्टर संचालक से बात करने जा रहा था। इसी दौरान मौसम बिगड़ा और उन पर गाज (बिजली) गिर गई। और वही स्थानीय सूत्रों का दावा है कि घटना के समय उड़ेपानी क्षेत्र में संजू ककोड़िया नामक व्यक्ति द्वारा लंबे समय से संचालित की जा रही जुए की फड़ सजी हुई थी। चर्चा है कि इरफान खेती के काम से नहीं, बल्कि जुए में अपनी किस्मत आजमाने वहां गया था।

**कैसे हुआ हादसा?**

बताया जा रहा है कि जब जुआ चल रहा था, तभी अचानक तेज बारिश और बिजली कड़कने लगी। बारिश से बचने जुआड़ीयों में भगदड़ मच गई, जुआरी इधर-उधर पेड़ों के नीचे छिपने लगे। इसी दौरान रमजान उर्फ इरफान और उनके साथ दीपक नामक एक अन्य युवक एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। तभी जोरदार बिजली गिरने से रमजान बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौत हो गई, जबकि दीपक घायल हो गया। दीपक का इलाज एक निजी क्लीनिक में चल रहा है।

इस घटना ने क्षेत्र में पनप रहे अवैध कारोबार की पोल खोल दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे यह अवैध जुआ फड़ लंबे समय से फल-फूल रही है। इस जहर ने अब तक दर्जनों परिवारों को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। पुलिस की कथित निष्क्रियता के कारण ही अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।




### डुंडा सिवनी पुलिस कठघरे में!

इस घटना ने डुंडा सिवनी थाना पुलिस को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है। सूत्रों की माने तो यह जुआ फड़ लंबे समय से संचालित हो रही थी और इस फड़ से एक पुलिस आरक्षक को हफ्ता दिया जा रहा था। यही वजह थी की डुंडा सिवनी पुलिस पुरे मामले में गांधारी बन आंख में पट्टी बंधे हुए थी। अब सवाल यह उठता है की जुआ फड़ संचालित करने वाले के लालच ने एक व्यक्ति की जान ले ली। तो क्या पुलिस उस अवैध अड्डे पर कड़ी कार्रवाई करेगी जिसने परोक्ष रूप से एक व्यक्ति को मौत के मुहाने तक धकेल दिया? भले ही यह घटना केवल एक प्राकृतिक आपदा है, लेकिन उस सामाजिक अभिशाप की ओर भी इशारा करती है जो युवाओं के भविष्य को निगल रहा है। अब देखना यह है कि पुलिस विभाग इस जुआ फड़ के संचालकों पर क्या कार्रवाई करता है।

# पदभार संभालते ही पीड़ितों के बीच पहुँचीं तहसीलदार पूजा राणा, राहत पर जोर

बरघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

**जब** इरादे फौलादी हों और जज्बा जनसेवा का, तो जिम्मेदारी संभालते ही काम बोलने लगता है। बरघाट तहसील में कुछ ऐसा ही नज़ारा देखने को मिला। शनिवार को पूजा राणा ने जैसे ही बरघाट तहसीलदार की कमान संभाली, उन्होंने फाइलों में उलझने के बजाय सीधे ग्राउंड जीरो का रुख किया।

आमतौर पर नए अधिकारी स्वागत और गुलदस्तों में व्यस्त रहते हैं, लेकिन तहसीलदार पूजा राणा ने आते ही यह जता दिया कि उनके लिए जनता का दर्द सबसे ऊपर है। क्षेत्र में आए हालिया भीषण आंधी-तूफान और आसमानी बिजली के कहर से मची तबाही का जायजा लेने के लिए उन्होंने फौरन मोर्चा संभाल लिया।

शुक्रवार को आए कुदरत के इस कहर ने बरघाट को हिलाकर रख दिया था। मकानों की छतें उड़ गई, बिजली के खंभे ताश के पत्तों की तरह गिर गए और एक मासूम की जान जाने की दुखद खबर ने दिल दहला दिया।

### तहसीलदार के ये बड़े एक्शन

- पटवारियों को मौके पर दौड़ाया : साफ़ हिदायत दी कि दफ़्तरों से निकलकर खेतों और गांवों की खाक छानें।
- नुकसान का सटीक आंकलन : स्पष्ट कहा कि एक-एक प्रभावित का डेटा चाहिए ताकि मुआवजा मिलने में देरी न हो।
- राहत ही प्राथमिकता : प्रशासन अब चौबीसों घंटे 'अलर्ट मोड' पर है।



### पुराना अनुभव, नया जोश

वही पूजा राणा इससे पहले भी बरघाट में नायब तहसीलदार के रूप में अपनी धाक जमा चुकी हैं। क्षेत्र की रग-रग से वाकिफ होने का फायदा अब सीधे जनता को मिलेगा। पूजा राणा द्वारा कर्मचारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि शासकीय कार्य में लापरवाही किसी भी हालातों बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। समय सीमा में कार्य पूर्ण करना शासकीय कर्मचारी का नैतिक कर्तव्य है।

### इनका कहना है

प्रशासन की नजर हर उस घर पर है जहाँ तबाही हुई है। राहत पहुंचाना मेरा पहला लक्ष्य है, और इसमें कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-पूजा राणा,
तहसीलदार, बरघाट

# हनुमान जन्मोत्सव के दौरान जेब काटने वाला शातिर चोर गिरफ्तार



सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

**कोतवाली** पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हनुमान जन्मोत्सव के दौरान हुई चोरी की वारदात का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी गई राशि में से 7250 रुपये नकद और एक पर्स बरामद किया है।

दिनांक 2 अप्रैल 2026 को खेरीटेक निवासी अमित राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बालस्वरूप हनुमान मंदिर में पूजा के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी जेब से 17 हजार पार कर दिए। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**तकनीकी साक्ष्यों से पकड़ा गया आरोपी:** थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने मंदिर के आसपास के साक्ष्यों और तकनीकी सुरागों की मदद से संदिग्ध इस्लाम खान निवासी टिग्गा मोहल्ला की पहचान की। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि कुछ पैसे उसने खर्च कर दिए, जबकि शेष राशि पुलिस ने बरामद कर ली है।


**पुराना अपराधी है आरोपी**

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी इस्लाम खान पहले भी आर्म्स एक्ट के मामले में संलिप्त रहा है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सतीश तिवारी सहित प्र.आर. संजय यादव, मनोज पाल, आर. मुकेश चौरिया और राजेन्द्र राजपूत की मुख्य भूमिका रही।

# वीडियो-10 सेकेंड में 80 लाख के गहने भरे बैग पार

**सिवनी।** सिवनी जिले के बरघाट नगर में एक सराफा व्यवसायी के साथ करीब 80 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने चोरी हो गए। बदमाशों ने जेवर से भरे दो बैग को कार से पार कर दिया। यह वारदात उस समय हुई जब सराफा कारोबारी अपनी दुकान बंद कर रहे थे। पूरी घटना महज 10 सेकेंड में हुई। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बदमाश ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब सराफा कारोबारी गहनों से भरे बैग कार में रखकर दुकान में ताला लगा रहे थे। सराफा कारोबारी दिलीप महाजन शनिवार रात करीब 8.30 बजे गहनों से भरे बैग कार में रख रहे थे। वह बगैर कार को लॉक किए दुकान का शटर बंद करने लगे।

कप्यूटर वर्ल्ड
सेल्स एंड सर्विस
लैपटॉप, कम्प्यूटर, सी.सी.टी.वी कैमरा, होम थियेटर, प्रिंटर, लेमिनेशन, फोटो कॉपियर, नेटवर्किंग, प्रोजेक्टर, कॉर्टरेज रिफलिंग
संपूर्ण कम्प्यूटर ऐससरीज उपलब्ध
पुराने कम्प्यूटर व लैपटॉप उपलब्ध
संपर्क- बैनगंगा कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, सिवनी, मो.न.-9302833332




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक*** **संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433